सब की सुनने वाले भोले मेरी तो सुनता नहीं

भोले भंडारी शंकर, भक्तन हितकारी शंकर, ले ले तू अपनी शरण,
आया भिखारी दर पे, झोली पसारे दर पे, सच्ची है मन में लगन ,
अर्जी है मेरी, मर्जी है तेरी सबकी सुनने वाले भोले मेरी तो सुनता नहीं

ना मांगू सोना चांदी,ना मांगू हीरे मोती,ये मेरे किस काम के,
चरणों की धूल दे दे, अच्छे वसूल दे दे, चाहे तेरे नाम के,
अर्जी है मेरी, मर्जी है तेरी सबकी सुनने वाले भोले मेरी तो सुनता नहीं

वापस ना जाऊंगा मैं,धूणी रमाउंगा मैं, मरना तेरे नाम पर
झोली तू भर दे भोले,मेरी तू सुनले भोले जीना तेरे नाम पर
अर्जी है मेरी, मर्जी है तेरी सबकी सुनने वाले भोले मेरी तो सुनता नहीं

अदभुत है तेरी माया, जो भी शरण में आया,बेड़ा तू पार लगाता है
जी डी शर्मा का गाना, सुनने को सब ही आना, चरणों में शीश झुकाता है
अर्जी है मेरी, मर्जी है तेरी सबकी सुनने वाले भोले मेरी तो सुनता नहीं

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20585/title/sab-ki-sunne-wale-bhole-meri-to-sunta-nahin

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |